अमर उजाला

नकली अजीनो मोटो, बेकिंग सोडा व कपूर का गोदाम पकड़ा

गाजियाबाद ब्यूरो Updated Thu, 28 Mar 2019 01:37 AM IST

नकली अजीनो मोटो, बेकिंग सोडा व कपूर का गोदाम पकड़ा

गाजियाबाद। बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धर्मपुरा के निकट पालिका बाजार में नकली अजीनो मोटो, बेकिंग सोडा और कपूर का गोदाम पकड़ा। गोदाम का संचालन मालिक सुबोध जैन की ओर से किया जा रहा है। टीम की छापामारी के वक्त गोदाम में केवल नौकर मौजूद थे। टीम द्वारा मालिक सुबोध जैन को बुलाने पर उनके आने में असमर्थता जताने पर गोदाम को सील कर दिया। टीम की ओर से की गई कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन सिंह, राकेश यादव और आशुतोष सिंह, जितेंद्र कुशवाहा मौजूद रहे। डीओ फूड सेफ्टी राजेश अग्रहरी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

Source: https://www.amarujala.com/delhi-ncr/ghaziabad/101553717248-ghaziabad-news